फा.सं.3(18)/2016-प्रशासन
भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

94,संसद भवन,
नई दिल्ली-110001

दिनांक :14.08.2018

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

विषय: संसदीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति आधार पर वेतन मैट्रिक्स के स्तर 8 में अनुभाग अधिकारी के पद का भरा जाना।

संसदीय कार्य मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति आधार पर वेतन मैट्रिक्स के स्तर 8 (वेतन बेंड 2 (रू.9300-34800)+ग्रेड वेतन रू.4,800/- संशोधन पूर्व) में अनुभाग अधिकारी के चार पदों को भरने के लिए पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पद की ड्यूटी का स्वरूप मंत्रालय के संसदीय और विधायी कार्यों के निपटान सहित प्रशासनिक प्रकार का होगा। पद हेतु ब्यौरा/पात्रता शर्तें **अनुबंध-I** में दी गई हैं। इस कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से योग्य अधिकारियों के आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। चयनित अधिकारी का वेतन और सेवा की अन्य शर्तें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के समय समय पर यथा संशोधित कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2010-स्थापना -वेतन)II) दिनांक 17.6.2010 के अनुसार विनियमित की जाएंगी ।

2. केवल उन्हीं अधिकारियों के आवेदन पर विचार किया जाएगा जोकि उचित माध्यम से भेजे जाएंगे और जिसके साथ निम्नलिखत विवरण संलग्न होगा: (i) **अनुबंध-II** में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में जीवन-वृत्त; (ii) अधिकारी की कम से कम पिछले पांच वर्षों की ए.सी.आर. सहित सी.आर./वार्षिक प्रगति निर्धारण रिपोर्ट डोजियर अथवा अधिकारी की कम से कम पिछले पांच वर्षों की सी.आर. की स्पष्ट फोटोप्रतियां जोकि ग्रुप 'क' के अधिकारी द्वारा विधिवत अनुप्रमाणित हों और उसके साथ इस बात का प्रमाणपत्र हो कि विगत वर्षों की सी.आर. में कोई 'प्रतिकूल टिप्पणी' नहीं हैं; (iii) संवर्ग संबंधी अनुमति; (iv) सतर्कता और अनुशासनिक दृष्टि से अनुमति; (v) पिछले दस वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाई गई छोटी अथवा बड़ी शास्तियों, यदि कोई हों तो, को दर्शाने वाला विवरण; (vi) उनकी आयु आवेदन की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए; और (vii) यह प्रमाणपत्र कि चयन किए जाने की स्थिति में, अधिकारी को पद का कार्यभार संभालने के लिए कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि इच्छुक और योग्य अधिकारियों के निर्धारित प्रपत्र में भरे हुए आवेदन **श्री धीरेन्द्र चौबे, उप सचिव (प्रशासन), संसदीय कार्य मंत्रालय कमरा नं.92, संसद भवन, नई दिल्ली को इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तारीख से तीन मास के भीतर भिजवा दें।** उपरोक्त पैरा 2 में उल्लिखित अपेक्षित प्रमाणपत्रोंदस्तावेज़ों के आवेदनों के साथ संलग्न किए बिना / पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा।-आवेदन

(ए.बी. आचार्या)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष :23034732

सेवा में

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयविभाग/।
2. सभी राज्यसंघ राज्य क्षेत्र/ सरकारों के मुख्य सचिव।
3. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (स्थापना अधिकारी), नई दिल्ली।
4. लेखा महानियंत्रक, लोक नायक भवन, खान मार्किट, नई दिल्ली।
5. भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली।
6. तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., संसदीय कार्य मंत्रालय को तत्काल इस परिपत्र को मंत्रालय की वैबसाइट पर डालने हेतु।

**अनुबंध-I**

1. पद का नाम : अनुभाग अधिकारी

2. वर्गीकरण : सामान्य केन्द्रीय सेवा, ग्रुप 'ख' राजपत्रित

3. वेतनमान : वेतन मैट्रिक्स के स्तर 8 (वेतन बेंड 2 (रू.9300-34800)+ग्रेड वेतन रू.4,800/- संशोधन पूर्व) में वेतन

4. पात्रता शर्तें : **केन्द्र अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों के अधीन अधिकारी:-**

(क) (i) मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद धारक; अथवा

(ii) मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में 8 वर्ष की सेवा वेतन मैट्रिक्स के स्तर 8 (वेतन बेंड 2 (रू.9300-34800) + ग्रेड वेतन रू.4,800/- संशोधन पूर्व) में की हो अथवा समकक्ष; और

(ख) (i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान अथवा समकक्ष से स्नातक की डिग्री प्राप्त की हो; और

(ii) प्रशासनिक अथवा संसदीय कार्य में 2 वर्ष का अनुभव हो।

5. प्रतिनियुक्ति की अवधि : प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणत: 3 वर्ष से अधिक नहीं बढ़ाई जाएगी। उसी अथवा किसी अन्य संगठन अथवा केन्द्र सरकार के विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले किसी दूसरे संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तारीख को अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**अनुबंध-II**

**जीवनवृत्त का प्रोफार्मा**

1. नाम और पता, स्पष्ट अक्षरों में :----------------------------------------

2. जन्मतिथि (ईस्वी सन् में) :----------------------------------------

3. केंद्र/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख :----------------------------------------

4. शैक्षिक योग्यता :----------------------------------------

5. क्या इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यताएं पूरी करते हैं।
(यदि कोई योग्यता नियमों में निर्धारित किसी योग्यता के समकक्ष मानी गई है तो उसके प्राधिकार के बारे में बताएं।)

| | | अपेक्षित योग्यताएं अनुभव/ | अधिकारी की योग्यताएंअनुभव/ |
|---|---|---|---|
| अनिवार्य | (1) | | |
| | (2) | | |
| | (3) | | |
| वांछनीय | (1) | | |
| | (2) | | |

6. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि ऊपर आपके द्वारा की गई प्रविष्टियों को ध्यान में रखते हुए क्या आप इस पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।

7. कालक्रम में नियोजन का ब्यौरा। यदि नीचे जगह कम है तो एक अलग कागज संलग्न करें जो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत अधिप्रमाणित हो।

| कार्यालय/संस्था/ संगठन | पद , जिस पर कार्यरत हैं | से | तक | वेतनमान और मूल वेतन | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

8. वर्तमान नियोजन की प्रकृति अर्थात तदर्थ अथवा अस्थाई अथवा स्थाई

9. यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर तो कृपया बताएं:-

(क) आरंभिक नियुक्ति की तारीख : ------------------------------

(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि : --------------------------------

(ग) आप जिससे संबंधित हैं उस मूल कार्यालय/संगठन की प्रकृति : --------------------------------

10. वर्तमान नियोजन के बारे में अतिरिक्त विवरण कृपया बताएं कि किसके अधीन कार्यरत हैं:-

(क) केंद्र सरकार :----------------------------------

(ख) राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र :----------------------------------

11. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो वह तारीख बताएं जब से संशोधन हुआ है और अपना संशोधन पूर्व वेतनमान भी बताएं। :----------------------------------

12. कुल परिलब्धियां जिनका अब प्रतिमास आहरण करते हैं। :----------------------------------

13. ऐसी अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसे आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे। यदि जगह अपर्याप्त है तो अलग कागज संलग्न करें।

14. क्या अ.जा./अ.ज.जा. से संबंधित हैं :----------------------------------

15. अभ्युक्ति

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

तारीख:---------------------

पता---------------------------

-------------------------------

प्रतिहस्ताक्षर------------------------